an>

Title: Regarding irregularities in post office situated in Pipargawan village in Bidhnu development block in Akbarpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): मैं अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत डाक विभाग के अधिकारी द्वारा अनैतिक रुप से किए गए कथित आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले को सामने लाना चाहता हूँ जिसके कारण उक्त क्षेत्र के लोगों का आर्थिक नुकसान हुआ है ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद कानपुर नगर के विकास खण्ड बिधनू के ग्राम पिपरगवां के डाक विभाग द्वारा शाखा पिपरगवां के नाम से संचालित था जिसकी मुख्य शाखा नौबस्ता कानपुर नगर में थी । ग्राम पिपरगवा एवं ग्राम बघारा एवं अन्य ग्रामों के लोगों के द्वारा उक्त डाकघर में पैसा जमा किया जाता था । डाकघर पिपरगवां एवं ग्राम बघारा के खाताधारकों का लाखों रुपया फर्जी तरीके से निकाल कर हड़प कर लिया गया एवं कुछ खाताधारकों की पासबुकें तक निर्गत नहीं की गयी एवं फर्जी पासबुकों के द्वारा खाताधारकों को आश्वस्त करता रहा कि आपका पैसा खाते में जमा हो गया है जबकि उस अधिकारी द्वारा कोई भी पैसा विभागीय खातों में जमा नहीं कराया गया । उक्त के संबंध में जानकारी होने पर खाताधारकों द्वारा वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर को शिकायती पत्र प्रेषित किया गया एवं मेरे संज्ञान में आने पर मैं समस्त पीड़ितों के साथ स्वयं मुख्य डाक अधीक्षक से मुलाकात कर खाताधारकों का पैसा वापस दिलाये जाने हेतु वार्ता की एवं पत्र प्रेषित किया एवं मेरे द्वारा पुनः पत्राचार के उपरांत तक उक्त के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है जिसके कारण खाताधारकों को अपने पैसे डूबते नजर आ रहे हैं जो कि कतई न्यायोचित नहीं है ।

अतः उक्त ग्रामों के खाताधारकों का जमा पैसा विभाग द्वारा वापस कराये जाने एवं दोषी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश निर्गत करने की कृपा करें जिससे खाताधारकों का पैसा वापस मिल सके।